Title: Regarding time-bound settlement of insurance claims of farmers under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana-laid

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यो मे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसली बीमा कंपनियो द्वारा किसानो के साथ फसल बीमा से संबन्धित विषयों मे किए जा रहे अनुचित व्यवहार के सम्बन्ध मे सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए यह अवगत करवाना चाहता हूँ कि उक्त योजना के अंतर्गत बीमा कंपनियों द्वारा किसानो के साथ क्लेम देने मे उचित व्यवहार नहीं किया जाता है, चूँकि खरीफ 2021 का क्लेम नही आने के कारण राजस्थान सहित देश के कई राज्यो मे किसान आंदोलित है,सिंचित और असिंचित खरीफ फसलो की बुवाई अप्रेल मे शुरू हो जाती है जो जुलाई के अंत तक चलती है लेकिन राजस्थान के सन्दर्भ मे बात करू तो राजस्व विभाग इन फसलो की गिरदावरी सितम्बर के अंत तक करते हैं और कई बार तो खेतो मे जाए बिना ही गिरदावरी कर दी जाती है और सरकार को सितम्बर के अंत तक अर्धसत्य गिरदावरी रिपोर्ट मिलती है जबकि फसल बीमे का प्रीमियम गिरदावरी रिपोर्ट आने से पहले ही काट लिया जाता है जबकि यह नियम के विपरीत है ऐसे मे इसका सीधा नुकसान किसानो को होता हैं जिसका फायदा बीमा कंपनियाँ उठाती है इसलिए सरकार बीमा कंपनियो को किसानो को समय पर पूरा क्लेम देने हेतु पाबंद करे।

____

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज बैठिए।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति: कृपया**,** राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा होने दीजिए। यह हमारा संवैधानिक दायित्व भी है और परंपरा भी है।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अभिभाषण के पश्चात् सबसे पहले धन्यवाद की चर्चा होनी चाहिए। कृपया आप अपनी सीट पर वापस जाएं।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज**,** सदन को चलाने में सहयोग करें।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 6 फरवरी, 2023 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

<u>14.07 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Monday, February 06, 2023/Magha 17, 1944 (Saka).

____

-

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

*Available in Master copy of Debate, placed in Library.